जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
प्रशासन विभाग
(हिन्दी अनुभाग)

सं. प्रशासन/राजभाषा/अभि.पत्रिका/21/2024/ दिनांक : 26/02/2025

परिपत्र

विषय : 'अभिव्यक्ति' हिन्दी पत्रिका के 38वें अंक का प्रकाशन

01. सभी कर्मचारियों, अधिकारियों तथा उनके आश्रितों से अनुरोध है कि वे 'अभिव्यक्ति' पत्रिका के इस 38वें अंक के लिए निबंध, कहानी, कविता तथा अपने कामकाज से सम्बंधित हिन्दी रचनाऐं हिन्दी अनुभाग को 10 मार्च, 2025 से पहले Email ID - hindicell@jnport.gov.in पर भेजें । निबंध, कहानी या लेख आदि के कुछ सम्भावित शीर्षक एवं पात्रता की शर्तें अनुबंध - 1 पर संलग्न हैं ।

02. सभी प्रकार की रचनाऐं अनुबंध - 2 पर संलग्न प्रमाण-पत्र भरकर तथा फोटो के साथ भेजें ।

मानदेय की दरें निम्नलिखित हैं :

क्र. सं.	विषय	दरें
क	लेख, निबंध, व्यंग्य आदि (500 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 3000/-
ख	कहानी एवं नाटक (500 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 3500/-
ग	कविता (100 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 1000/-
घ	पुस्तक समीक्षा (250 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 1000/-
च	वरिष्ठ प्रबंधकों एवं प्रबंधकों द्वारा ज. ने. प. प्राधिकरण के कामकाज से संबन्धित प्रशासनिक अथवा तकनीकी विषयों पर हिन्दी में लेख (500 शब्दों से कम होने पर आधा मानदेय)	रु. 6000/-
छ	अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों द्वारा ज. ने. प. प्राधिकरण के कामकाज से संबन्धित प्रशासनिक अथवा तकनीकी विषयों पर हिन्दी में लेख	रु. 10000/-

03. सभी विभागाध्यक्षों/वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने विभाग में इस परिपत्र का व्यापक प्रचार करें और व्यक्तिगत स्तर पर अधीनस्थ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिक से अधिक रचनाऐं भेजने के लिए प्रेरित करें । इस परिपत्र की एक छायाप्रति अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर अवश्य लगाएं । हमारी पत्रिका के प्रकाशन में आप सभी के अधिकतम सहयोग की आशा है ।

मनीषा 26/2/2025

(मनीषा जाधव)
महाप्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव

सेवा में,
मुख्य सतर्कता अधिकारी
महाप्रबंधक (प्रशासन) एवं सचिव/मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिक तथा वि. अभि.)/महाप्रबंधक (यातायात)/
मुख्य महाप्रबंधक (पीपीडी)/महाप्रबंधक (वित्त)/उप संरक्षक
उप महाप्रबंधक (प्रबंधन सेवा)/वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी

संभावित शीर्षक :

01) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय अथवा जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान

02) जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण या अन्य पत्तनों का पर्यटन विकास में योगदान अथवा विकास की सम्भावना

03) हमारे प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ किए गए 'गति शक्ति अभयिान' में हमारे पत्तन की भूमिका

04) वर्तमान परिदृश्य में बच्चों की नैतिक शिक्षा

05) कम्प्यूटर और सूचना तकनीक के दैनिक जीवन में प्रयोग

06) नवीन शिक्षा नीति का बच्चों के बौद्धिक विकास में योगदान

07) महाराष्ट्र के महापुरूष और संतों की जीवनी, उदाहरणार्थ - शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज, संत तुकाराम आदि (एक रचनाकार किसी एक महापुरूष के बारे में लिखें)

शर्तें :

(1) संकलित रचना पर मानदेय नहीं मिलेगा । मौलिक या अनूदित रचना पर ही मानदेय मिलेगा ।

(2) संपादक मंडल को उन रचनाओं पर मानदेय नहीं मिलेगा जो संपादक के कर्तव्यों के तौर पर लिखी जाएंगी जैसे - संपादकीय टिप्पणी, स्पष्टीकरण तथा पाठकों के पत्रों के उत्तर इत्यादि । किन्तु, अगर वे पत्रिका के लिए लेख आदि लिखेंगे तो निश्चित दर से मानदेय प्राप्त कर सकेंगे ।

(3) रचनाएँ, लेख आदि अप्रकाशित और मौलिक होने चाहिए तथा साथ ही मौलिकता व अप्रकाशित होने का प्रमाण-पत्र संलग्न प्रपत्र में लेखक द्वारा भेजा जाएगा ।

(4) रचनाएँ हिन्दी में टाईप की हुई होनी चाहिए । हस्तालिखित या pdf file में भेजी हुई रचनाऐं नहीं स्वीकार की जाएगी । Email ID hindicell@jnport.gov.in पर रचनाऐं ऑन लाइन भेजी जानी चाहिए ।

(5) बिना प्रमाण पत्र तथा फोटो के रचनाऐं स्वीकार नहीं की जाएंगी ।

(6) रचना लिखने में यदि कोई भी असुविधा या संशय हो, तब हिन्दी सेल से संपर्क करें ताकि आपकी यथा संभव सहायता की जा सके ।

अनुबंध - 2

प्रमाणपत्र

मैं ________________________________ ______________________(नाम, तथा पदनाम)

यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा 'अभिव्यक्ति' पत्रिका में प्रकाशित करने के लिए दिया गया/दी गई -- (रचना का नाम) मौलिक है तथा अभी तक कहीं किसी पत्र अथवा पत्रिका में प्रकाशित नहीं हुआ/हुई है ।

मैं यह वचन देता/देती हूँ कि अगर यह पाया गया कि मेरी रचना मौलिक नहीं थी या किसी पत्र अथवा पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी थी तो मैं प्राप्त मानदेय की समस्त राशि एकमुश्त रूप से लौटा दूँगा/दूँगी ।

स्थान :

तारीख :

हस्ताक्षर :

नाम :

पूरा पता : --------------------------

मोबाइल नं. :--------------------------